21

आप कर सकते हो!

(10:32-39)

अध्याय 10 के अन्त में, इब्रानियों की पुस्तक के लेखक ने भरोसा जताया कि उसके पाठक भटकेंगे नहीं (देखें आयत 39)। वह उन्हें भी अपनी तरह से पक्का बनाना चाहता है। उनके विषय में उसे इतना भरोसा क्यों था और उन्हें आश्वस्त क्यों होना चाहिए? आयतें 32 से 39 में, हमें कई कारण मिलते हैं।

इस वचन पर विचार करते हुए मेरे मन में एक दृश्य आया है: जिसमें किसी बड़ी खेल से पहले एक कोच अपनी टीम के लोगों को प्रोत्साहित कर रहा है।[1] खेल को जीतने की बातें करते हुए वह उनसे कहता है, ''आप कर सकते हो! आप जानते हो कि आप कर सकते हो! इस सीज़न में आपने कई मैच जीते हैं; मैं जानता हूं कि इस बार भी आप कर सकते हो। विचार करो कि जीतने का मतलब क्या होगा। आपको केवल *मानना है कि आप कर सकते हो!* इसका क्या? क्या आप मानते हो?'' मेरी कल्पना में यहां पर टीम ''हां! हां! हां!'' के शोर के साथ गूंजती है।

कहा जाता है कि प्रचारक को दोहरा काम करना पड़ता है, जिसमें दुखी लोगों को तसल्ली देना और आराम से रहने लोगों को परेशान करना है। इब्रानियों 10 में, आयतें 26 से 31 में ''सुखी को दुख देती'' हैं जबकि आयतें 32 से 39 ''दुखियों को तसल्ली'' देती हैं। यहां की गई बातें ऊपर दी गई कल्पना वाले कोच की बातों से मिलती-जुलती हैं, जिसमें बड़ा अन्तर यही है कि अपने संघर्षों में इब्रानी मसीही लोगों को *परमेश्वर की सहायता* मिलनी थी। विश्वासी बने रहने के उनके हमें कम से कम चार कारण मिलते हैं। एक अर्थ में उन्हें बताया गया था, ''विश्वासी बने रहना आवश्यक है। ...''

''उसके कारण जो तुम *जानते हो*'' (10:32, 34)

इस पत्र को प्राप्त करने वाले मसीही लोगों को ''ज्योति'' मिली थी (आयत 32)। ''मसीह के तेजोमय सुसमाचार का प्रकाश'' (2 कुरिन्थियों 4:4) उनके मनों में चमक गया था। जिन बातों का उन्हें *पता* चला था उनमें से एक यह थी कि उनके पास स्वर्ग में ''एक और भी उत्तम और सर्वदा ठहरने वाली सम्पत्ति है'' (इब्रानियों 10:34)। उस सच्चाई ने उन्हें कालांतर में प्रोत्साहित किया था और उन्हें बने रहने के लिए इसे प्रोत्साहित करना चाहिए।

''उसके कारण जो तुम ने *किया*'' (10:32-35)

इब्रानियों की पुस्तक के पाठकों को ''स्मरण'' रखना आवश्यक था (आयत 32)। स्मरण एक श्राप हो सकता है पर यह एक आशीष भी हो सकती है। यह भाग इब्रानी पाठकों के उस सताव को याद दिलाता है जिसमें से वे कालांतर में गुज़रे थे (आयतें 32-34क)।[2] वे इस दौरान विश्वासी बने रह पाए थे, क्योंकि उन्हें समझ थी कि कोई बेहतर चीज़ उनकी राह देख रही है

(आयत 34ख)। उनसे उन सब बातों को न भुलाने के लिए कहा गया (आयत 35)। वे विपत्ति के बावजूद किसी समय में विश्वासी थे और अब भी वे वैसे ही विश्वासी हो सकते थे!

''उसके कारण जो *प्रतिज्ञा* तुम्हारे साथ की गई है'' (10:35, 36)

आयत 35 में हमें विश्वासयोग्यता का ''बड़ा प्रतिफल'' स्मरण कराया जाता है। आयत 36 में इब्रानियों की पुस्तक के पाठकों को विश्वासयोग्य बने रहने के लिए प्रोत्साहित किया गया ताकि वे उसे ''पा सकें जिसकी प्रतिज्ञा की गई थी।''

पहले मैंने किसी बड़े खेल से पहले कोच द्वारा टीम को दिए जाने वाले प्रोत्साहन को दिखाया था। आयत 36 को पढ़ते हुए मैं उस कोच के अपने टीम को हार जाने पर प्रोत्साहित करने पर ध्यान करता हूं। ''हिम्मत नहीं हारना!'' लेखक ने उनसे आग्रह किया। ''आप कर सकते हो!'' इब्रानी मसीही लोगों को ''धीरज'' की आवश्यकता थी (आयत 36)। ''धीरज'' का अनुवाद एक मिश्रित शब्द ''*hupomone*'' से किया गया है जिसका अर्थ ''अधीन रहना'' है। यदि किसी को बोझ (या जिम्मेदारी) को उतारकर या इसके अधीन रहने को चुनना हो, तो ''धीरज'' रखने वाला व्यक्ति इसके अधीन रहता। मूल पाठक मसीहियत को उतार फैंकने की सोच रहे हैं। एक अर्थ में उनसे कहा गया, ''हिम्मत मत हारो! यदि तुम पीछे न हटो तो तुम्हें वह अनन्त प्रतिफल मिलेगा, जिसके लिए पहले तुम मसीही बने!''

धीरज केवल जीवित रहना या धैर्य के साथ प्रतीक्षा करना नहीं है। ''धीरज'' को यहां पर ''परमेश्वर की इच्छा'' पूरी करने से मिलाया गया था। यह किसी भी कीमत पर परमेश्वर की इच्छा पूरी *करते रहने* का निश्चय है।

''उसके कारण जो तुम्हारा *विश्वास* है'' (10:37-39)

अध्याय 10 का अन्तिम भाग हबक्कूक 2:3, 4 से है। यहां पर ज़ोर इस बात पर है कि मसीह का आना पक्का है (इब्रानियों 10:37) और इस कारण यह प्रतिज्ञा भी पक्की है। लेखक ने स्पष्ट किया कि विश्वासी लोग ''जीवित'' रहेंगे परन्तु परमेश्वर को ''पीछे मुड़ने'' वाले में कोई आनन्द नहीं होगा (आयत 38)। वहां पर उसने यह भरोसा जताया कि उसके पाठक विश्वास करते हैं। उसे यकीन था कि वे पीछे नहीं हटेंगे, बल्कि विश्वासी बने रहेंगे (आयत 39)!

हमारा क्या होगा? प्रभु आज भी हमें वफ़ादार बने रहने के लिए प्रोत्साहित करता रहता है। एक अर्थ में वह कह रहा था, तुम कर सकते हो! इब्रानियों की पुस्तक के परमेश्वर की प्रेरणा से दिए वचनों के द्वारा, वह हमें बता रहा है कि यदि हम उसके निकट बने रहें (देखें इब्रानियों 13:5, 6) तो चाहे कितनी भी रुकावटें आ जाएं, हम वफ़ादारी से रह सकते हैं। उम्मीद है कि हमारा जवाब ''हां! हां! हां!'' ही है।

टिप्पणियां

[1]आयत 32 में यूनानी शब्द (*athlesis*) के अनुवाद ''संघर्ष'' मूलतया ''धावकों की प्रतिस्पर्धा'' के लिए था (डब्ल्यू. ई. वाइन, मैरिल एफ़. अंगर, एंड विलियम व्हाइट, जूनि., *वाइन'स कम्लीट एक्सपोज़िटरी डिक्शनरी ऑफ़ ओल्ड एंड न्यू टैस्टामेंट वर्ड्स* [नैशविल्ले: थॉमस नेल्सन पब्लिशर्स, 1985], 121). [2]12:4 से आगे देखें। इन इब्रानी मसीही लोगों ने कष्टदायक सताव सहा था, परन्तु अभी तक उन्होंने शहादत नहीं सही थी।